बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
संख्या :– 17–तक0 को0–312/2018..1126.8.....

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी,
सहरसा, मधेपुरा, सुपौल।

पटना, दिनांक :–24-11-2020

विषय :– विशेष सर्वेक्षण सम्बन्धी एक दिवसीय प्रशिक्षण/उन्मुखीकरण कार्यक्रम के संबध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहरसा द्वारा दिनांक– 27.11.2020 को निर्धारित किए गए विशेष सर्वेक्षण सम्बन्धी एक दिवसीय प्रशिक्षण/उन्मुखीकरण कार्यक्रम के आलोक में निदेशालय स्तर से निम्नवत् जिलावार प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया जाता है:–

क्र0सं0	जिला का नाम	तिथि	समय	स्थान
01.	सहरसा	27.11.2020	10:00 पू0 से 05:00 अ0	बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाएगा।
02.	मधेपुरा	28.11.2020	10:00 पू0 से 05:00 अ0	
03.	सुपौल	29.11.2020	10:00 पू0 से 05:00 अ0	

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपने–अपने जिले में अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त, सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, सभी विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो, अमीन एवं लिपिक के साथ–साथ विशेष सर्वेक्षण के लिए चयनित अंचलों के अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा संबंधित अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी एवं भूमि सुधार उप समाहर्त्ता सम्मिलित होंगे। इन पदाधिकारियों/कर्मियों के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी/कर्मी के इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निर्णय समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा लिया जाएगा। उपर्युक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा की जाएगी।

तीनों जिलों में दिये जाने वाले प्रशिक्षण/उन्मुखीकरण कार्यक्रम की रूप–रेखा निम्नवत् होगी:–

क्र0 सं0	समय	प्रशिक्षण का विषय
01.	10:00 बजे पूर्वा0 से 11:00 बजे अप0	शिविरवार कार्यों के प्रगति की समीक्षा
02.	11:00 बजे पूर्वा0 से 12:00 बजे अप0	किस्तवार प्रक्रम में आनेवाली समस्याएँ एवं उनका समाधान
03.	12:00 बजे अप0 से 01:00 बजे अप0	विशेष सर्वेक्षण कार्यों में अंचलाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों की भूमिका
04.	01:00 बजे अप0 से 02:00 बजे अप0	खानापुरी प्रपत्र–6 में प्रविष्टि तथा खानापुरी पर्चा का वितरण की प्रक्रिया एवं प्रपत्र–12 में प्रारूप प्रकाशन के पूर्व आनेवाली समस्याएँ एवं उनका समाधान
05.	02:00 बजे अप0 से 03:00 बजे अप0	भोजनावकाश
06.	03:00 बजे अप0 से 04:00 बजे अप0	Map and Record Based Land Entitlement (MARBLE) पर विस्तृत चर्चा एवं प्रारूप प्रकाशन के पश्चात् की प्रक्रिया
07.	04:00 बजे अप0 से 04:30 बजे अप0	निदेशालय स्तर से दिए गए ऑनलाईन प्रशिक्षण के फलाफल पर चर्चा
08.	04:30 बजे अप0 से 05:00 बजे अप0	जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों का फिडबैक

तीनों जिलों में होनेवाले उन्मुखीकरण कार्यक्रम में तीनों जिलों के लिए प्राधिकृत नोडल–सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी के अतिरिक्त निदेशालय स्तर से श्री चंदन कुमार, जी0आई0एस0 सलाहकार, बी0पी0एम0यू0, श्री वीरेन्द्र कुमार, श्री शैलेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, तकनीकी कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय तथा जिले के हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय प्रतिनिधि भाग लेंगे।

कृ0पृ0उ0

अनुरोध है कि अपने–अपने जिले में निदेशालय स्तर के पदाधिकारियों के आवासन के लिए जिला अतिथि गृह में तीन कमरे आवंटित करने की कृपा करेंगे।

उपर्युक्त कार्यक्रम के आलोक में निदेशालय के पत्रांक– 11185 दिनांक– 12.11.2020 द्वारा निर्गत भ्रमण कार्यक्रम में दिनांक– 26.11.2020 से 28.11.2020 तक का पूर्णियाँ एवं सुपौल का भ्रमण कार्यक्रम स्थगित रहेगा।

विश्वासभाजन

(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– 17–तक0 को0–312 / 2018......1268...... **पटना, दिनांक** :–24-11-2020

प्रतिलिपिः– अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त / सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहरसा, मधेपुरा एवं सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–तक0 को0–312 / 2018......1268...... **पटना, दिनांक** :–24-11-2020

प्रतिलिपिः– राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के जिलों के लिए प्राधिकृत वरीय नोडल पदाधिकारी / निदेशालय के स्तर से जिलों के लिए प्राधिकृत नोडल पदाधिकारी / श्री चंदन कुमार, जी0आई0एस0 सलाहकार, बी0पी0एम0यू0, श्री वीरेन्द्र कुमार, श्री शैलेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, तकनीकी कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 17–तक0 को0–312 / 2018......1268...... **पटना, दिनांक** :–24-11-2020

प्रतिलिपिः– संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप / श्री राकेश कुमार, सहायक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं निदेश है कि सभी संबंधित पदाधिकारियों को भ्रमण के तिथियों को ~~एक~~ एक वाहन प्रातः 5:00 बजे से उनके आवास पर उपलब्ध कराया जाय।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–तक0 को0–312 / 2018......1268...... **पटना, दिनांक** :–24-11-2020

प्रतिलिपिः– सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0, डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप के निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–तक0 को0–312 / 2018......1268...... **पटना, दिनांक** :–24-11-2020

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप